कार्यालय, प्राचार्य ,राजकीय कन्या महाविद्यालय,चौमूँ(जयपुर)

पॉवर हाऊस के पीछे, मोरीजा रोड़, चौमूँ (जयपुर) 303702, राजस्थान

Website: https://hte.rajasthan.gov.in/college/ggcchomu

email : ggc_chomu@yahoo.com, ggcchomu99@gmail.com Ph : 01423-223224

रोड़ सेफ्टी क्लब

दिनांक 17–01–2023 को सड़क सुरक्षा सप्ताह के अन्तर्गत यातायात नियमों की जानकारी एवं पालन करने की शपथ दिलवायी गयी।

जागरूकता रैली निकाली, सड़क सुरक्षा का दिया संदेश

सामोद. यातायात नियमों के पालना की शपथ लेते लोग।

सामोद. परिवहन विभाग की ओर से चलाए जा रहे सड़क सुरक्षा सप्ताह के तहत अन्तिम दिन मंगलवार को सामोद थाना पुलिस ने सामोद के विद्यालय में विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा के तहत यातायात नियमों की जानकारी दी। थानाधिकारी पूजा पूनिया ने बच्चों को नियमों का पालने करने की शपथ दिलाई। उन्होंने गुड़ टच बेड टच एवं साइबर क्राइम की जानकारी दी। इस दौरान विद्यार्थियों की रैली निकाली। रैली के दौरान विद्यार्थियों ने हाथों में सड़क सुरक्षा के लिखे स्लोगनों के माध्यम से यातायात नियमों की जानकारी दी। इस दौरान सन्तोष ज्योतिषी, महेंद्र गौड़, कांस्टेबल जितेंद्र कुमार, अजय कुमार, मंजू चौधरी आदि मौजूद रहे। (नि.सं.)

चौमूं. सुरक्षा सप्ताह के तहत चौमूं के राजकीय कन्या महाविद्यालय में सड़क सुरक्षा सप्ताह के तहत जिला परिवहन अधिकारी राधेश्याम शर्मा ने छात्राओं को सड़क सुरक्षा व ट्रैफिक निमयों में प्रति संकल्प दिलवाया। साथ ही लाइसेंस बनाने की प्रक्रिया तथा वाहन बीमा की आवश्यकता की विस्तृत जानकारी दी। इस दौरान परिवहन निरीक्षक गौतम मिश्रा,प्राचार्य डॉ. कविता गौतम ने भी विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में सांवरमल जाट, अनुदेशक शिव सैनी, जगदीश नारायण मीणा, फूलचंद बैरवा आदि उपस्थित थे। (नि.सं.)

सड़क सुरक्षा व यातायात नियमों की पालना विषय पर व्याख्यान माला कार्यक्रम का हुआ आयोजन

छात्राओं ने सड़क सुरक्षा व यातायात के नियमों की पालना करने की ली शपथ

गरीबों का सितारा

चौमूं (सुनील कुमार पाराशर)। शहर स्थित राजकीय कन्या महाविद्यालय में प्राचार्य कविता गौतम की अध्यक्षता में मंगलवार को सड़क सुरक्षा व यातायात नियमों की पालना विषय पर व्याख्यान माला कार्यक्रम आयोजित हुआ। व्याख्यान कार्यक्रम में जिला परिवहन अधिकारी राधेश्याम शर्मा ने महाविद्यालय की छात्राओं को सड़क सुरक्षा व यातायात नियमों की पूर्ण जानकारी प्रदान कर सड़क सुरक्षा व यातायात के नियमों के प्रति जागरूक किया। साथ ही लाईसेंस बनाने की प्रक्रिया तथा वाहन बीमा की आवश्यकता की विस्तृत जानकारी भी प्रदान की। इस मौके पर डीटीओ शर्मा ने छात्राओं व उपस्थित संकाय सदस्यों को सड़क सुरक्षा व यातायात के नियमों की पालना करने की शपथ दिलाई। इस अवसर पर परिवहन निरीक्षक गौतम मिश्रा एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही प्राचार्य डॉ. कविता गौतम ने भी छात्राओं के समक्ष अपने विचार व्यक्त कर सभी छात्राओं को सड़क सुरक्षा व ट्रैफिक रूल्स के संबंधित पम्पलेट्स का वितरण किया। जिसमें सड़क दुर्घटना में घायलों की सहायता, समेरिटन के अधिकार की विस्तृत जानकारी दी गई है । साथ ही अन्य कई पोस्टर्स के माध्यम से भी सड़क सुरक्षा के बारे में जानकारी दी गई। कार्यक्रम में छात्राओं ने जबरदस्त उत्साह का परिचय देते हुए यातायात के नियमों की पालना करने की शपथ ली। इस मौके पर जगदीश नारायण मीणा, फूलचंद बैरवा व महाविद्यालय स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

कार्यालय, प्राचार्य ,राजकीय कन्या महाविद्यालय,चौमूँ(जयपुर)

पॉवर हाऊस के पीछे, मोरीजा रोड़, चौमूँ (जयपुर) 303702, राजस्थान

Website: https://hte.rajasthan.gov.in/college/ggcchomu

email : ggc_chomu@yahoo.com, ggcchomu99@gmail.com Ph : 01423-223224

छात्राओं ने जाने सड़क सुरक्षा एवं ट्रैफिक नियम

दीपक सैनी ■ *संजीवनी टुडे*

चौमूं। शहर के मोरीजा रोड़ स्थित राजकीय कन्या महाविद्यालय में रोड सेफ्टी क्लब में महिला प्रकोष्ठ के तत्वावधान में प्राचार्य डॉ. कविता गौतम की अध्यक्षता में सड़क सुरक्षा व ट्रैफिक नियमों के संदर्भ में व्याख्यान का आयोजन किया गया। व्याख्यान में आरटीओ जिला परिवहन अधिकारी राधेश्याम शर्मा ने वक्ता के रूप में बोलते हुए छात्राओं को सड़क सुरक्षा व ट्रैफिक निमयों में प्रति जागरूक किया। साथ ही लाईसेंस बनाने की प्रक्रिया तथा वाहन बीमा की आवश्यकता की विस्तृत जानकारी दी। जिला परिवहन अधिकारी शर्मा ने छात्राओं एवं संकाय सदस्यों को सड़क नियमों का यातायात नियमों का पालन करने की शपथ दिलाई। इस अवसर पर परिवहन निरीक्षक गौतम मिश्रा एवं प्राचार्य डॉ कविता गौतम ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए सभी छात्राओं को सड़क सुरक्षा व ट्रैफिक निमयों संबंधी पम्पलेट्स वितरित किये गये। जिसमें सड़क दुर्घटना में घायलों की सहायता के बारे में तथा समेरिटन के अधिकार के बारे में विस्तृत जानकारी है तथा कई अन्य पोस्टर्स के माध्यम से भी सड़क सुरक्षा के बारे में बताया। जिसमें छात्राओं ने उत्साह से भाग लिया। कार्यक्रम का सांवरमल जाट ने किया। कार्यक्रम में कम्प्यूटर अनुदेशक शिव सैनी, जगदीश नारायण मीणा, फूलचंद बैरवा आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम के अन्त में एनएसएस अधिकारी जाट ने आंगन्तुकों को धन्यवाद ज्ञापित किया।

कार्यालय, प्राचार्य ,राजकीय कन्या महाविद्यालय,चौमूँ(जयपुर)

पॉवर हाऊस के पीछे, मोरीजा रोड़, चौमूँ (जयपुर) 303702, राजस्थान

Website: https://hte.rajasthan.gov.in/college/ggcchomu

email : ggc_chomu@yahoo.com, ggcchomu99@gmail.com Ph : 01423-223224

छात्राओं को सड़क सुरक्षा एवं ट्रैफिक नियमों की दी जानकारी

जयपुर टाइम्स

चौमूं(नि.सं.)। राजकीय कन्या महाविद्यालय में रोड सेफ्टी क्लब में महिला प्रकोष्ठ के तत्वावधान में प्राचार्य डॉ. कविता गौतम की अध्यक्षता में सड़क सुरक्षा व ट्रैफिक नियमों के संदर्भ में व्याख्यान का आयोजन किया गया। व्याख्यान में आरटीओ जिला परिवहन अधिकारी राधेश्याम शर्मा ने वक्ता के रूप में बोलते हुए छात्राओं को सड़क सुरक्षा व ट्रैफिक निमयों में प्रति जागरूक किया। साथ ही लाईसेंस बनाने की प्रक्रिया तथा वाहन बीमा की आवश्यकता की विस्तृत जानकारी दी। जिला परिवहन अधिकारी शर्मा ने छात्राओं एवं संकाय सदस्यों को सड़क नियमों का यातायात नियमों का पालन करने की शपथ दिलाई। इस अवसर पर परिवहन निरीक्षक गौतम मिश्रा एवं प्राचार्य डॉ. कविता गौतम ने भी अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम का सांवरमल जाट ने किया।